# वैश्विक नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है ब्रांड इंडिया : जितिन प्रसाद

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत वैश्विक नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। उत्तर प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन है। दुनियाभर के निवेशक आज उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाएं तलाश रहे हैं। निवेश बढ़ाने के लिए डबल इंजन की सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। अब वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डालर की बनेगी।

इन्वेस्ट यूपी और इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित इंडो-यूएस बिजनेस समिट-2025 में उन्होंने कहा कि भारत इस समय बड़े आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। केंद्र सरकार ब्रांड इंडिया को पूरी दुनिया में स्थापित करने के प्रयास कर रही है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश



ब्रजेश पाठक • सूचना विभाग

**• रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में बढ़ रही है यूपी की भूमिका : ब्रजेश पाठक**

आज एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। ब्रह्मोस और रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में उत्तर प्रदेश की भूमिका लगातार बढ़ रही है। राज्य सरकार ने ईज आफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि निर्यात के क्षेत्र में राष्ट्रीय शक्ति के रूप में उभर रहा है। राज्य की किसान-



इंडो-यूएस बिजनेस समिट को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद • सूचना विभाग

प्रथम नीति और प्रगतिशील पहल ने कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। उत्तर प्रदेश वैश्विक बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। एसबीआइ फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के अध्यक्ष अमित गुप्ता, जेएसडब्ल्यू एनर्जी के गजेन्द्र प्रताप सिंह, ट्रांसजोवन कैपिटल के गौरव अस्थाना तथा अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के नितिन शर्मा ने भी समिट में अपने विचार पेश किए। आयोजक रीना सिंह आदि मौजूद रहे।